# NMDC DAV POLYTECH DANTEWADA CG
# ALUMNI 2024-25
# COMITEE

Alumni Committee is committed to fostering and maintaining strong relationships with NMDC DAV POLYTECHNIC (NDP) DANTEWADA CG global alumni network, which exceeds 1600 distinguished professionals. These alumni not only embody the institution's academic legacy but also serve as leaders across various sectors, elevating NDP's reputation worldwide. The committee organizes a series of structured events aimed at engaging alumni and enriching the student experience. **Alumni Connect** marks the beginning of each academic year, where prominent alumni address the incoming batch, providing guidance and setting a motivational tone for the year ahead.

To further support professional development, the committee runs **TPTF ( Tribal Progress in Technical Field)** , a mentorship program pairing students with alumni based on their areas of interest. This initiative ensures tailored guidance and enhances career growth opportunities for students.

| S.NO | CONSTITUTION ROLE | NAME OF ALUMNI | PASS OUT BATCH | BRANCH | CONTCAT NO | SIGN |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | President | Jageshwar Nag | 2023 | Mech | 8889998632 | |
| 2 | Wise President | Sahil Kumar | 2025 | Elect. | 9399827565 | |
| 3 | General Secretary | Anisha thakur | 2022 | Elect. | 7489326901 | |
| 4 | Joint Secretary | Sukman Baghel | 2023 | mech | 7383284638 | |
| 5 | Treasurer | Erragolla Umesh | 2023 | mech | 9399933892 | |
| 6 | Executive Member | Selma Kashap | 2025 | Elect. | 8817662406 | |
| 7 | Executive Member | Jay Prakash | 2025 | Mech. | 9098183228 | |
| 8. | Executive member | Mohd Minaz Ansari | 2021 | Elect. | 929988486 | |

ALUMNI CO- ORDINATOR

Scanned with CamScanner




Scanned with CamScanner

[redacted]

# पॉलिटेक्निक में मनाया इंजीनियर्स डे, पूर्व छात्र मिलन समारोह भी हुआ



जगदलपुर। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी, अतिथि व पूर्व छात्र।

भास्कर न्यूज | जगदलपुर

गीदम ब्लॉक के जावंगा स्थित एनएमडीसी डीएवी पॉलीटेक्निक में इंजीनियर्स डे व पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने की। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में गीदम एसडीएम मनीष बघेल मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में गीदम तहसीलदार किशन मिश्रा, गीदम नपं इंजीनियर मुकेश कोरम मौजूद थे। प्राचार्य डॉ. ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन में संस्था की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर कहा कि इंजीनियरिंग का क्षेत्र समाज की सेवा और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी अपनी शिक्षा का सही दिशा में उपयोग करें और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। इस दौरान विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। वहीं प्रवीण कुमार, नारायण, योगेश ठाकुर ने भी गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि एसडीएम बघेल ने कहा कि वे हमेशा उच्च मानकों को बनाए रखें और तकनीकी शिक्षा को समाज की भलाई में प्रयोग करें। तहसीलदार मिश्रा ने कहा कि इंजीनियरिंग की शिक्षा छात्रों को न केवल तकनीकी ज्ञान देती है, बल्कि यह उन्हें अपने देश और समाज के प्रति जिम्मेदार भी बनाती है।

Scanned with CamScanner

# एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक में छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती, इंजीनियर दिवस और पूर्व छात्र मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**अमृत संदेश** गीदम।

एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा ने रजत जयंती, इंजीनियर दिवस और पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया। यह भव्य आयोजन संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मनीष बघेल एसडीएम गीदम, किशन मिश्रा तहसीलदार गीदम और आमंत्रित अतिथि के रूप में मुकेश कोर्राम इंजीनियर नगर पंचायत गीदम उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्थान के छात्रों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों ने मिलकर इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाया।

**रजत जयंती और इंजीनियर दिवस का आयोजन**

कार्यक्रम का आरंभ माँ दंतेश्वरी, छत्तीसगढ़ी महतारी एवं एम विश्वेश्वरैया के



छाया चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। जिसमें उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. ठाकुर ने कहा कि एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक की स्थापना से लेकर अब तक यह संस्थान न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देश भर के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रहा है।

उन्होंने इंजीनियर दिवस के महत्व पर भी बात की, जो भारतीय अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि इंजीनियरिंग का क्षेत्र समाज की सेवा और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

डॉ. ठाकुर ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी शिक्षा का सही दिशा में उपयोग करें और अपने राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें।डॉ. मुकेश ठाकुर ने अपने संबोधन में एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान ने शैक्षिक क्षेत्र में कई मील के पत्थर स्थापित किए हैं, जिसमें संस्थान ने उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की है, जिससे छात्रों को अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर मिला है। संस्थान ने प्रमुख उद्योगों और कंपनियों के साथ मिलकर छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण और इंटर्नशिप प्रदान की है, जिससे वे नौकरी के लिए तैयार हो सकें।संस्थान ने अपनी सुविधाओं को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित किया है, जिसमें स्मार्ट कक्षाएं, नवीनतम प्रयोगशालाएं और कार्यशालाएं शामिल हैं। एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक ने समाज की भलाई के लिए कई सामुदायिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है, जिसमें तकनीकी कार्यशालाएं, कौशल विकास कार्यक्रम और सामुदायिक जागरूकता अभियान शामिल हैं।

Scanned with CamScanner

पत्रिका

आयोजन

**एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक में किया गया आयोजन**

# रजत जयंती, इंजीनियर दिवस व पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**गीदम.** एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा में रजत जयंती, इंजीनियर दिवस और पूर्व छात्र मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। यह ऐतिहासिक आयोजन संस्थान के प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष बघेल (एसडीएम गीदम), किशन मिश्रा (तहसीलदार गीदम) तथा आमंत्रित अतिथि मुकेश कोर्राम (इंजीनियर, नगर पंचायत गीदम) उपस्थित रहे।



**गीदम.** पालिटेक्निक में हुए आयोजन में मौजूद स्टाफ व छात्र।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ दंतेश्वरी, छत्तीसगढ़ महतारी और महान अभियंता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुई। प्राचार्य डॉ. मुकेश ठाकुर ने स्वागत भाषण देते हुए संस्थान की उपलब्धियों और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डीएव्ही पॉलिटेक्निक ने पिछले वर्षों में न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि देशभर में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। डॉ. ठाकुर ने इंजीनियर दिवस के महत्व पर भी चर्चा की ।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में झलकी छत्तीसगढ़ी परंपरा

छात्रों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने आदिवासी संस्कृति और लोक कला की अनूठी झलक पेश की। इसके अलावा प्रवीण कुमार, नारायण और योगेश ठाकुर द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ी लोकगीतों ने भी समारोह को और अधिक रोचक व आत्मीय बना दिया।

## पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए

इस अवसर पर आयोजित पूर्व छात्र मिलन समारोह ने आयोजन को भावनात्मक आयाम दिया। पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस तरह संस्थान ने उनके करियर को नई दिशा दी। उन्होंने वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया और कहा कि यहां मिली शिक्षा और प्रशिक्षण ही उनके जीवन की सफलता की नींव है।

## अतिथियों के प्रेरक संदेश

मुख्य अतिथि मनीष बघेल ने संस्थान के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह कॉलेज केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि समाज की भलाई के लिए भी उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। तहसीलदार किशन मिश्रा ने विद्यार्थियों से तकनीकी ज्ञान का उपयोग समाज की चुनौतियों के समाधान में करने की अपील की। वहीं नगर पंचायत गीदम के इंजीनियर मुकेश कोर्राम ने इंजीनियरों की समाज निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया और विद्यार्थियों को नवाचार और समर्पण की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया।

17/09/2025 | Dantewada | Page : 3
Source : https://epaper.patrika.com/

Scanned with CamScanner



Scanned with CamScanner




Scanned with OKEN Scanner